बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग
संकल्प

संख्या–3प/विविध–07–04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक–08/9/2025

विभागीय योजनाओं यथा–केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना–1 एवं 2, पंचायत सरकार भवन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आदि के क्रियान्वयन एवं सतत् अनुश्रवण हेतु विभागीय संकल्प 4046 दिनांक 25.07.2018 द्वारा संविदा के आधार पर नियोजित तकनीकी सहायक का मासिक मानदेय ₹27,000.00 (सत्ताईस हजार रूपये) मात्र एवं लेखापाल–सह–आई०टी० सहायक का मासिक मानदेय ₹20,000.00 (बीस हजार रूपये) मात्र रूपये निर्धारित की गयी। जो वित्तीय वर्ष 2018–19 से वर्तमान अवधि तक प्रभावी है।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक 12534 दिनांक–17.09.2018, 1003 दिनांक 22.01.2021 एवं पत्रांक 20615 दिनांक–06.11.2023 द्वारा बिहार राज्य के सभी विभागों में संविदा नियोजित कर्मियों के पारिश्रमिक/मानदेय का निर्धारण/पुनरीक्षण बाजार दर एवं सरकार में उपलब्ध समान/समकक्ष पद के प्रारम्भिक स्तर का वेतन, महँगाई भत्ता एवं अनुमान्य भत्तों को मिलाकर किये जाने हेतु विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव लाये जाने से संबंधित दिशा–निर्देश के आलोक में दिनांक–25.07.2025 को तकनीकी सहायक एवं लेखापाल–सह–आई०टी० सहायक का मानदेय वृद्धि किये जाने से संबंधित विभागीय प्रस्ताव पर उच्चस्तरीय समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

3. उच्चस्तरीय समिति से प्राप्त सहमति के आलोक में दिनांक–01.07.2025 के प्रभाव से तकनीकी सहायक का मानदेय ₹40,000 (चालीस हजार रुपये) प्रतिमाह एवं लेखापाल–सह–आई०टी० सहायक का मानदेय ₹30,000 (तीस हजार रुपये) प्रतिमाह वृद्धि किये जाने के विभागीय प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा दिनांक–02.09.2025 को मद संख्या–43 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

4. अतएव उक्त आलोक में दिनांक–01.07.2025 के प्रभाव से तकनीकी सहायक का मानदेय ₹40,000 (चालीस हजार रुपये) प्रतिमाह एवं लेखापाल–सह–आई०टी० सहायक का मानदेय ₹30,000 (तीस हजार रुपये) प्रतिमाह निर्धारित किया जाता है।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाये।

8/9/25

(मनोज कुमार)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः—3प/विविध—07—04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक—08/9/2025

प्रतिलिपिः—महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार) 8/9/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः—3प/विविध—07—04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक—08/9/2025

प्रतिलिपिः—प्रभारी पदाधिकारी, ई—गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना बिहार गजट के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ अग्रसारित।

उनसे अनुरोध है कि इस अधिसूचना की 300 प्रतियाँ पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा करें।

(मनोज कुमार) 8/9/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः—3प/विविध—07—04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक—08/9/2025

प्रतिलिपिः—सचिव, बिहार विधान परिषद्/सचिव, बिहार विधान सभा/मुख्यमंत्री सचिवालय/निबंधक, पटना उच्च न्यायालय/महाधिवक्ता, बिहार, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

(मनोज कुमार) 8/9/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः—3प/विविध—07—04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक—08/9/2025

प्रतिलिपिः—विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, वित्त विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ अग्रसारित।

(मनोज कुमार) 8/9/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः—3प/विविध—07—04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक—08/9/2025

प्रतिलिपिः—आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति से संबद्ध अलग फोल्डर पर अपलोड करने हेतु अग्रसारित।

(मनोज कुमार) 8/9/25

सरकार के सचिव

ज्ञापांकः—3प/विविध—07—04/2025/11369/पं०रा०, दिनांक—08/9/2025

प्रतिलिपिः—माननीय मंत्री के आप्त सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(मनोज कुमार) 8/9/25

सरकार के सचिव